# श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज,गोंडा

**रिपोर्ट:** नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत

**दिनांक:** 02-08-2026

**स्थान:** ललिता शास्त्री सभागार

**आयोजक:** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज , गोंडा

## कार्यक्रम का उद्देश्य

भारत सरकार के "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत" अभियान के अंतर्गत युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उन्हें स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य था। साथ ही विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना भी कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य रहा।

## कार्यक्रम का विवरण

- दिनांक 02 अगस्त 2026 को श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा के ललिता शास्त्री सभागार में प्रभारी प्राचार्य प्रो. जितेंद्र सिंह के निर्देशन में "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. अरविंद कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग ने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज के लिए अत्यंत घातक है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा नशाग्रस्त व्यक्तियों के प्रति सहानुभूति रखते हुए उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।
- कार्यक्रम संयोजक डॉ. रेखा शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ उसके परिवार, समाज एवं राष्ट्र के विकास को भी प्रभावित करता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।
- कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. अमित शुक्ला (एनसीसी प्रभारी) द्वारा किया गया तथा डॉ. चमन कौर (कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना) ने धन्यवाद ज्ञापित किया।
- कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

## मुख्य गतिविधियाँ

- नशा उन्मूलन विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान।
- नशे के दुष्प्रभावों पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन।
- जन-जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन।
- विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन अपनाने एवं समाज को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।
- विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई।

## प्रतियोगिता परिणाम

**भाषण प्रतियोगिता**

1. प्रथम स्थान – मानसी सिंह
2. द्वितीय स्थान – संदीप तिवारी
3. तृतीय स्थान – मोहम्मद जैद

**पोस्टर प्रतियोगिता**

1. प्रथम स्थान – मेहविश मिराज
2. द्वितीय स्थान – राज
3. तृतीय स्थान – कमलवासिनी तिवारी

प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन डॉ. चमन कौर, डॉ. संतोष श्रीवास्तव एवं डॉ. मनोज मिश्रा द्वारा किया गया।

## कार्यक्रम में सहयोग

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. पवन सिंह, डॉ. परवेज आलम, डॉ. दिलीप शुक्ला, डॉ. दलीप सिंह, डॉ. संजय कुमार, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव एवं श्री अमित दुबे का सहयोग सराहनीय रहा।

## कार्यक्रम के परिणाम

1. विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई।

2. युवाओं को नशामुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिली।

3. विद्यार्थियों ने भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

4. समाज में नशा उन्मूलन एवं जन-जागरूकता का सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

# निष्कर्ष

"नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत" कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने की दिशा में एक सफल एवं प्रेरणादायक प्रयास सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया तथा भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

## कार्यक्रम की झलकियाँ














# नशामुक्त भारत का संकल्प शिक्षण संस्थानों में दोहराया, युवाओं को दिलाई शपथ

भारत कनेक्ट संवाददाता



**गोंडा।** 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान के तहत लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के ललिता शास्त्री सभागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि नशाग्रस्त व्यक्ति से घृणा नहीं, बल्कि उसे नशामुक्त करने में सहयोग करना चाहिए।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. रेखा शर्मा ने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के साथ पूरे परिवार और समाज के भविष्य को भी प्रभावित करती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित शुक्ला तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. चमन कौर ने किया। इस अवसर पर भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। भाषण प्रतियोगिता में मानसी सिंह, संदीप तिवारी और मोहम्मद जैद तथा पोस्टर प्रतियोगिता में मेहविश मिराज, राज और कमलवासनी तिवारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में एनएसएस एवं एनसीसी के पदाधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे इसी क्रम में गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, रेलवे कॉलोनी बड़गांव में प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। जिला युवा अधिकारी शुभम ने 'जेन जी अगेंस्ट एडिक्शन' विषय पर युवाओं को जागरूक किया और सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य मेजर डॉ. राजेश द्विवेदी ने युवाओं से नशे से दूर रहकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



रविवार को प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

# विद्यार्थियों को नशामुक्ति का दिया संदेश

**गोण्डा।** शहर के एलबीएस डिग्री कॉलेज के ललिता शास्त्री सभागार में प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर जितेंद्र सिंह के निर्देशन में नशा मुक्त युवा विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रोफेसर अरविंद कुमार शर्मा ने नशाग्रस्त लोगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। डॉ. रेखा शर्मा ने नशे के दुष्परिणाम बताए। भाषण प्रतियोगिता में मानसी सिंह, संदीप तिवारी, मोहम्मद जैद व पोस्टर प्रतियोगिता में मेहविश मिराज, राज व कमलवासनी तिवारी विजेता रहे।

## नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के त



प्रतियोगिता में विजयी छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक। स्रोत: महाविद्यालय

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** एलबीएस महाविद्यालय के ललिता शास्त्री सभागार में शनिवार को नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजित भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भाषण प्रतियोगिता में मानसी सिंह ने प्रथम, संदीप तिवारी ने द्वितीय तथा मोहम्मद जैद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर में मेहविश मिराज प्रथम, राज द्वितीय और कमलवासिनी तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं। जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि नशाग्रस्त व्यक्ति से घृणा नहीं, बल्कि सहानुभूति रखते हुए उसे नशा मुक्त करने में सहयोग करना चाहिए।


कार्यक्रम संयोजक डॉ. रेखा शर्मा ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का भविष्य प्रभावित करता है, इसलिए सभी को नशा मुक्त भारत के संकल्प में सहभागी बनना चाहिए। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य प्रो. जितेंद्र सिंह, एनसीसी प्रभारी डॉ. अमित शुक्ल, डॉ. चमन कौर, डॉ. संतोष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर मंथन


# नशा मुक्त युवा फार विकसित भारत पर हुआ आयोजन

**गोंडा, (पंजाब केसरी):** प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी संकल्प के अंतर्गत श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के ललिता शास्त्री सभागार में प्रभारी प्राचार्य प्रो. जितेंद्र सिंह के निर्देशानुसार नशा मुक्त युवा फार विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा नशा ग्रस्त व्यक्ति से घृणा नहीं बल्कि सहानुभूति रखते हुए उसे नशा मुक्त करने में सहयोग करें और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम संयोजक डॉ. रेखा शर्मा ने कहा नशा ग्रस्त व्यक्ति सिर्फ अपना जीवन ही बर्बाद नहीं करता बल्कि अपने माता-पिता के सपनों को तोड़ता है। इसलिए देश को नशा मुक्त करने में सभी अपना सहयोग करें। सफल मंच संचालन एनसीसी प्रभारी डॉ. अमित शुक्ला ने किया। धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चमन कौर ने किया 1 उक्त विषय पर आयोजित भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में मानसी सिंह, संदीप तिवारी ,मोहम्मद जैद एवं पोस्टर प्रतियोगिता में मेहविश मिराज ,राज एवं कमलवासनी तिवारी ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि निर्णायक की भूमिका में डॉ .चमन कौर ,डॉ. संतोष श्रीवास्तव एवं डॉ मनोज मिश्रा रहे। कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन सिंह ,डॉ. परवेज आलम, डॉ दिलीप शुक्ला, डॉ. दलीप सिंह, डॉ. संजय कुमार ,डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ,डॉ. अमित दुबे का सहयोग सराहनीय रहा।


# प्राध्यापको तथा विद्यार्थियों के हस्ताक्षर


श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा (उ०प्र०)

कार्यक्रम - नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत दिनांक - 02/08/2026


श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा (उ०प्र०)


कार्यक्रम - नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत दिनांक: 02-08-26


श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा (उ०प्र०)


कार्यक्रम - नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत दिनांक: 02-08-2026


श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा (उ०प्र०)

कार्यक्रम - नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत दिनांक: 02-08-2026


श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा (उ०प्र०)

कार्यक्रम - नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत दिनांक: 02-08-2026


श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा (उ०प्र०)

कार्यक्रम - नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत दिनांक: 02-08-2026

प्राचार्य

डॉ. रेखा शर्मा

संयोजक,

नशा मुक्त युवा फॉर विकशित भारत